हम देने बधाई आए हैं, मैया तेरी लाली जीवे

हम देने बधाई आए हैं, मैया तेरी लाली जीवे
हम लेने बधाई आए हैं, बाबा तेरी लाली जीवे
राधा जन्मोत्सव मनाने बरसाने हम आए हैं, हम लेने--

1. रावल में प्रकटी राधा, जय हो--कृष्ण की शक्ति राधा,
जय हो--माई तेरी लाडो रानी, जय हो--राधा गोलोक की रानी,
जय हो--शेश शिव नारद शारद, जय हो--ध्यान धरते संकादिक,
जय हो नेती नेती कह वेद पुराणन श्री राधा गुण गाए हैं, हम देने--

2. बड़ी गोरी मनमोहनी, जय हो--लाडो तेरी बड़ी ही सोहनी,
जय हो--कुमुद कली रस की खानी, जय हो-- रूप सिंगार की रानी,
जय हो--स्वर्ण का पलना झूले, जय हो--जैसे फुलवारी फूले,
जय हो भानू भवन की देख के सोभा सबके मन हर्षाएं हैं, हम देने

3. बरसते रंग रस कलियां, जय हो--महकती नगर की गलियां,
जय हो--बजे डफ ढोल शहनाई, जय हो-- बांसुरी तान इलाही,
जय हो--बाज रहे बाजे गाजे, जय हो--खुशी में हर कोई नाचे,
जय हो गूंज रहे जयकार भवन में आनंद के घन छाए हैं, हम देने

4. आज ना लाज करूंगी, जय हो--बधाई मांग के लूंगी,
जय हो--नाक नथनी कन बाली, जय हो--लूंगी लहंगा और साड़ी,
जय हो--हीरों का हार गले का, जय हो-- पायल कंगन सोने की,
जय हो मधुप सखी लाली को हम असीस देने आए हैं, हम देने

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण 'मधुप' (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)
स्वर : सर्व मोहन (टीनू सिंह)

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33827/title/hum-dene-badhai-aayehai--maiya-teri-laali-jeeve

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |